वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 228 मंगलवार 13 दिसम्बर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### संविदा कर्मचारियों ने प्रियंका से की शिकायत: कहा...

## सरकार संविदा कर्मचारियों से किए वादों को नहीं कर रही पूरा



**जयपुर. कासं।** संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा राजस्थान के पदाधिकारियों ने बूंदी में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी से मुलाकात की। यहां उन्होंने सरकार की ओर से संविदा कर्मचारियों को दी जा रही नई नियुक्ति की शिकायत करते हुए पुराने वादे पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। पदाधिकारियों ने प्रियंका को सरकार के बनाए ६राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022 के बारे में जानकारी दी और बताया कि सरकार ने चुनाव से पहले जो अपने घोषणा पत्र में वादा किया था सभी संविदा कार्मिकों को नियमित करने का वह नहीं किया जा रहा। इसके बदले ये नया नियम लाकर सरकार पुराने संविदा कार्मिकों को नई ज्वाइनिंग देकर उन्हें नये नियुक्ति पत्र दे रही है। इस नियुक्ति पत्र में उन कर्मचारियों को काम से हटाने तक की डेट भी लिखी जा रही है। यही नहीं कर्मचारियों के मानदेय में भी किसी प्रकार की कोई बढ़ोतरी नहीं की जा रही। जो कर्मचारी पिछले कई सालों से सरकारी विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे है उनके अनुभव और सर्विस अवधि को शून्य मानकर नए सिरे से उनकी ज्वाइनिंग करवाई जा रही है। इस पर प्रियंका गांधी ने अपने निजी सहायक को इस पूरी मामले का का एक विवरण नोट तैयार करके कर्मचारी संगठनों को मीटिंग के लिए दिल्ली बुलाकर बुलाने की बात कही। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही इस मामले में कोई न कोई विचार करेंगी।

## वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट की लॉन्चिंग

### सेरेमनी में देशभर के कलाकारों ने किया परफॉर्म, फेस्ट में आएंगी जानी-मानी हस्तियां

**जयपुर. कासं**




एसके फाइनेंस और संस्कृति युवा संस्था की ओर से आयोजित एसके फाइनेंस वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट का दूसरा संस्करण 17 और 18 दिसम्बर को जयपुर में आयोजित होगा। फेस्ट का लॉन्च इवेंट डिग्गी पैलेस में आयोजित हुआ। फेस्ट के सह-संस्थापक मुकेश मिश्रा और नरिशंत शर्मा ने बताया कि सेरेमनी में म्यूजिकल ग्रुप डो-रे-मी और सिंगर्स डॉ. सुनीत सेखरी, पायल वेदिअ, विनीत रघुवंशी, इन्दु ठाकुर, अपूर्व, गुंजन रस्तोगी, सलीम की लाइव परफॉर्मेंस दी। लॉन्च सेरेमनी में एसके फाइनेंस एमडी राजेंद्र सेतिया, डॉ. सुधीर भंडारी, संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा्र आयोजन समिति के चेयरमैन अमित अग्रवाल, एचसी गणेशिया, आलोक त्रिपाठी, जेडी माहेश्वरी, डॉ. विजय कपूर, डॉ. संदीप जैन, पंकज ओझा, गोविंद पारीक, डॉ. संजीव शर्मा, विजय शर्मा और मिनी नरिशंत शर्मा मौजूद रहे। अतिथियों ने बेबी प्लांटर्स के साथ फेस्ट के शेड्यूल का विमोचन किया। संगीत से सजी इस शाम में सिंगर्स ने मोहम्मद रफी, मुकेश के गानों और शम्मी कपूर पर फिल्माए गए गाने आजकल तेरे तेरे मेरे प्यार के चर्चे व मशहूर सॉन्ग कभी कभी मेरे दिल में खयाल आता है्ह पर प्रस्तुति देकर इवेंट को यादगार बना दिया। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि एस के फाइनेंस वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट में हेल्थ एंड वेलनेस के अलग अलग आयामों से जुड़े 100 से अधिक एक्सपर्ट विभिन्न सेशंस के जरिए अपनी बात रखेंगे। आम लोगों के लिये फेस्ट में प्रवेश पूर्णतया नि:शुल्क है, लेकिन फेस्ट की वेबसाइट पर पहले पंजीकरण करवाना आवश्यक है।

## 17 दिसंबर से मनेगा सरकार के 4 साल का जश्न

### 12 दिन तक अपनी योजनाओं और कामों के प्रचार से माहौल बनाएगी सरकार

**जयपुर. कासं**

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बीच सरकार के चार साल पूरे हो रहे हैं। राज्य सरकार अपने चार साल के कार्यकाल का 17 दिसंबर से जश्न मनाएगी। 17 से 28 दिसंबर तक हर जिले में कई कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों के जरिए सरकार गांव-शहरों में अपने काम का माहौल बनाएगी। सरकार ने तय किया है कि अपनी फ्लैगशिप योजनाओं के साथ-साथ सभी विभागों में चार साल में हुए कामों को हर गांव तक लोगों के बीच पहुंचाएं। सरकार का मकसद है कि इन आयोजनों से घर-घर में सरकार की योजनाओं को लेकर माहौल बने और आने वाले चुनाव में इसका फायदा उठाया जा सके। सोमवार को मुख्य सचिव ऊषा शर्मा ने सभी जिलों के कलेक्टरों और सभी विभागों



के सचिवों को अलग-अलग आदेश जारी कर चार साल के कार्यक्रमों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। 17 को जयपुर में जवाहर कला केंद्र में विकास प्रदर्शनी की शुरूआत करके इन कार्यक्रमों का आगाज किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 17 को प्रेस कांफ्रेंस करेंगे जिसमें वे अपनी सरकार के चार साल का लेखा-जोखा रखेंगे। 17 से 28 दिसंबर के बीच सरकार प्रमुख 28 विभागों की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएगी।

### सरकार की 29 फ्लैगशिप योजनाओं पर रहेगा फोकस

सरकार अपनी फ्लैगशिप योजनाओं के दम पर अगले चुनाव में उतरने के दावे करती रही है। चार साल के कार्यकाल में इन योजनाओं में हुए काम और इनके जरिए लोगों को पहुंचाए फायदों के आंकड़े भी सरकार लोगों तक पहुंचाने के प्रयास में है। सरकार ने चार साल के कार्यकाल के कार्यक्रमों में जिन योजनाओं का प्रचार करेंगी इनमें 29 योजनाएं शामिल की गई हैं। प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में मॉडल स्टेट राजस्थान और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर क्विज और वाद विवाद प्रतियोगिता कराई जाएंगी।

# 1000 मर्ज एक दवा योग...

डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है जो कि पूरे शरीर को अंदर और बाहर, दोनों हिस्सों को कई रोगों से ग्रसित कर देती है. विगत कुछ महीने पहले जारी इंटरनेशनल डायबेट्स फेडरेशन के आंकड़ों के मुताबिक, भारत के प्रति 12 वयस्कों में से एक और कुल आबादी में से करीब 7 करोड़ 40 लाख से अधिक लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं.

डायबिटीज रोगियों के मामले में चीन के बाद भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा देश है. चीन में करीब 14 करोड़ 10 लाख लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं.

डायबिटीज के उपचार में चल रही दवाओं के अलावा आप योगासन के जरिये भी स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं. अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर अक्षर के सुझाये इन तीन योगासनों के अभ्यास से डायबिटीज के मरीज अपना शुगर लेवल कंट्रोल कर सकते हैं. ये सारे योगासन सुबह-शाम तीन-तीन सेट में करना है. हर सेट में पांच काउंट तक ठहरना है.

### जानिए योग गुरु अक्षर को


महायोगी अक्षर नाथ, ग्रैंड मास्टर अक्षर नाम से प्रसिद्ध सबसे युवा भारतीय योग एवं आध्यात्मिक शिक्षकों में से एक हैं. 28 अगस्त, 1983 को हिमाचल प्रदेश में जन्मे अक्षर ने छह वर्ष की उम्र से ही योग प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया था. उनका प्रशिक्षण मुख्यत: हिमालय की गोद व नेपाल में हुआ है. इसमें कौलान्तक पीठ भी शामिल है, जो हिमालय में योग की सबसे प्राचीन शिक्षास्थली है. वे वर्तमान में अक्षर योग संस्थान के निदेशक हैं.





## डायबिटीज के रोगियों के लिए लाभदायक हैं ये योगासन


### अधोमुख श्वानासन



जमीन पर सीधे खड़े हो जाएं. दोनों हाथों को आगे करते हुए नीचे जमीन की ओर झुकें, घुटने सीधे रहने चाहिए. हथेलियों को झुकी हुई अवस्था में आगे की ओर फैलाएं और उंगलियां सीधी रखें. सांस छोड़ें और घुटनों को अधोमुख श्वानासन मुद्रा के लिए हल्का-सा धनुष के आकार में मोड़ें. हाथों को पूरी तरह जमीन पर कंधों के नीचे से आगे की ओर फैलाए रखें. घुटनों को जमीन पर थोड़ा और झुकाएं और कूल्हों को जितना संभव हो ऊपर उठाएं. सिर जमीन की ओर झुका होना चाहिए और पीठ के बराबर हो.

- **अन्य लाभ :** रक्त संचार, पाचन तंत्र सुधरता है. साथ ही लीवर और किडनी स्वस्थ रहते हैं.


### मंडूकासन



वज्रासन में बैठ जाएं दोनों हाथों को मुट्ठी बनाते हुए नाभि चक्र व जांघ के पास ले जाएं. मुट्ठी खड़ी रहेगी और अंगूठे अंदर की ओर होंगे. मुट्ठियों को नाभि के आसपास लगा लेना है. सांस बाहर छोड़ते हुए पेट को अंदर की तरफ खींचें. अब धीरे-धीरे आगे की ओर झुकें. सिर और गर्दन उठाए रखें और सामने की ओर देखते रहें. आप चाहें तो सिर-गर्दन को एक सीध में रखकर जमीन से समानांतर भी रख सकते हैं.

- **अन्य लाभ :** बढ़े वजन, कब्ज व दमा से राहत.

### पादहस्तासन



योग मैट पर सीधे खड़े हो जाएं. फिर दोनों हाथों को शरीर के दोनों तरफ फैलाकर सांस अंदर भरते हुए सिर की ओर उठाएं और कमर मोड़ कर झुकते हुए जमीन की ओर ले जाएं. झुकते समय सांसों को बाहर छोड़ना है. अपने हाथों को पैर के पंजे के बगल में जमीन पर रखें. सिर भी घुटनों के पास लगा रहेगा. इस स्थिति में 15 से 30 सेकेंड तक स्थिर बने रहें.

- **अन्य लाभ :** हाइ ब्लड प्रेशर, नपुंसकता, नाक, कान व गले की समस्या दूर करता है.

# मुनि श्रद्धानंदीजी महाराज एवं मुनि श्री पवित्रनंदी जी महाराज का भीलवाडा मे मंगल प्रवेश आज

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्रद्धानंदीजी महाराज एवं मुनि श्री पवित्रनंदी जी महाराज केशव नगर उदयपुर से विहार करते हुए आज प्रातः 13 दिसंबर को पदमप्रभु दिगंबर जैन मंदिर बापुनगर में मंगल प्रवेश होगा। ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन ने बताया कि प्रातः बापू नगर दिगंबर जैन समाज के मंत्री पूनमचंद सेठी, प्रकाश पाटनी, राकेश बघेरवाल ने पुर मार्ग पर श्रीफल अर्पित कर बापू नगर दिगंबर जैन मंदिर में पधारने का निवेदन किया । मुनि श्री ने आशीर्वाद दिया। ट्रस्ट मंत्री पूनमचंद सेठी ने बताया कि श्री सुधासागर विद्यालय में मुनि ससंघ रात्रि विश्राम कर प्रातः बापुनगर पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में विहार होगा एवं आहार बापू नगर में होगा। मुनि संघ के विहार में केशव नगर उदयपुर के धन कुमार जैन, कुंथु कुमार जैन, कैलाश चंद गंगवाल आदि चल रहे थे।



## विद्वत संगोष्ठी में विद्वानों ने प्रस्तुत किए आलेख, कारीटोरन में पंचकल्याणक आज से




### धर्म से जुड़ना सिखाते हैं पर्व : मुनि श्री सुप्रभ सागर

**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज, मुनि श्री प्रणातसागर जी महाराज, मुनि श्री सौम्य सागर जी महाराज के सान्निध्य में मड़ावरा विकासखंड में स्थित अतिशय क्षेत्र कारीटोरन में मुनिसंघ के सान्निध्य में 13 से 17 दिसम्बर तक पंचकल्याणक महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां कर ली गयी हैं। पंचकल्याणक महोत्सव मंगलवार से शुरू हो रहा है। मुनिसंघ के सान्निध्य में चल रही दो दिवसीय विद्वत संगोष्ठी में सोमवार को अंतिम दिन विद्वत संगोष्ठी का शुभारंभ चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलित कर हुआ। संगोष्ठी मुनि श्री सुप्रभसागर जी की नवोदित कृति 'सु-प्रवचन पर्व' पर हुई। द्वितीय सत्र का अध्यक्षता प्राचार्य महेंद्र जैन मुरैना व तृतीय सत्र की अध्यक्षता पंडित सुरेन्द्र जैन ने की। मंगलाचरण प्रतिष्ठाचार्य पंडित महेश जैन ने किया। संगोष्ठी में पंडित सचिन जैन टीकमगढ़, पंडित अखिलेश शास्त्री, ब्र. हरीश भैया, सरला जैन, प्राचार्य महेन्द्र जैन आदि विद्वानों ने अपने आलेख प्रस्तुत किए। आभार पंडित महेश जैन ने किया। मुनि श्री प्रणत सागर, मुनि श्री सौम्य सागर महाराज ने संगोष्ठी सत्रों का संचालन किया।

## निमोला का दो दिवसीय वार्षिक मेला 18 व 19 दिसम्बर को

**निमोला. शाबाश इंडिया**

अतिशय क्षेत्र निमोला में आगामी 18 व 19 तारीख को दो दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन एवं भगवान पार्श्वनाथ का 2899 वाँ जन्म जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। राजेश अरिहंत ने बताया कि 18 दिसंबर को प्रातः श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा एवं शांति मंडल विधान की पूजा होगी। इस अवसर पर एक विशाल पदयात्रा पांच मंदिर पुरानी टोंक से प्रातः 10:00 बजे रवाना होगी जो कचोलिया सोनवा अरनिया माल होते हुए निमोला पहुंचेगी। सांय काल भगवान पार्श्वनाथ की महाआरती सांस्कृतिक कार्यक्रम भक्तामर पाठ एवं अनिल

**एक विशाल पदयात्रा पांच मंदिर पुरानी टोंक से प्रात: 10 :00 बजे रवाना होगी जो कचोलिया सोनवा अरनिया माल होते हुए निमोला पहुंचेगी।**

एंड पार्टी महुआ द्वारा भजन संध्या का आयोजन होगा। प्रबंध समिति के संरक्षक रमेश काला ने बताया कि 19 तारीख को प्रातः 6:30 बजे श्रीजी का अभिषेक तत्पश्चात वृहद शांति



धारा दोपहर में झंडारोहण एवं अखंड दीप प्रज्वलन के पश्चात श्री जी को रथ में विराजमान कर श्री जी की विशाल रथयात्रा नगर भ्रमण करती हुई मुख्य बाजार होते हुए मेला प्रांगण में पहुंचेगी जहां पर श्री जी का अभिषेक किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष कपूर चंद पाटौदी मंत्री बाबूलाल जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार जैन पूर्व मुख्य न्यायाधीश अध्यक्षता, सरोज नरेश बंसल जिला प्रमुख टोंक विशिष्ट अतिथि, हुकुमचंद प्रेम देवी जैन मिश्रीमल भगवती जैन बोहरा महावीर प्रसाद प्रेम देवी जैन चित्र अनावरण कर्ता महावीर प्रसाद मैना देवी जैन विधान पुण्यार्जक कपूरचंद शांति देवी पाटोदी झंडारोहण कर्ता शिखर चंद आभा देवी पाटोदी दीप प्रज्वलन नंदलाल मुन्नी देवी जैन द्वारा किया जाएगा ।

## वेद ज्ञान

### न घबराएं आलोचना से...

आलोचना से कोई भी मनुष्य बच नहीं सकता। जो मनुष्य जितना बड़ा होता है, उसकी आलोचनाएं भी उतनी ही बड़ी होती हैं। इसलिए आलोचना से घबराकर धैर्य नहीं खोना चाहिए। अपने द्वारा व्यक्त प्रतिक्रिया पर ही हमारा सम्मान, भावनात्मक दृढ़ता और प्रसन्नता निर्भर रहती है। आलोचना दो प्रकार की होती है- रचनात्मक और विध्वंसात्मक। प्रत्येक मनुष्य को जीवन में किसी-न-किसी समय आलोचना का शिकार होना ही पड़ता है। आलोचना सम्मान पर प्रत्यक्ष हमला करती है। इसलिए क्रोध आना भी स्वाभाविक है। आलोचक को कभी शत्रु नहीं मानना चाहिए कि वह बदनाम करने के लिए लांछन लगा रहा है, ऐसा सदैव नहीं होता। भ्रांतियां भी कारण हो सकती हैं। घटना का उद्देश्य सही रूप से न समझ पाने पर लोग मोटा अनुमान यही लगा लेते हैं कि शत्रुतावश ऐसा कहा जा रहा है, जबकि उसकी भूल इतनी सी होती है कि वस्तुस्थिति को समझे बिना किसी प्रसंग का मनमाफिक भाव लगा लेता है और जांच-पड़ताल या प्रतीक्षा किए बगैर जो मन में आया वह कहने लगता है। निंदा करने वालों का इसमें घाटा ही रहता है। यदि उसकी बात सत्य है, तो भी लोग चौकन्ने हो जाते हैं कि कहीं हमारा कोई भेद इसके हाथ तो नहीं लग गया, जिसे यह सर्वत्र बकता फिरे। झूठी निंदा बड़ी बुरी मानी जाती है फिर विद्वेष उसका कारण माना जाता है। निंदा सुनकर क्रोध आना और बुरा लगना स्वाभाविक है, क्योंकि इससे स्वयं के स्वाभिमान को चोट लगती है, पर समझदार लोगों के लिए उचित है कि ऐसे अवसरों पर संयम से काम लें। यह देखें कि ऐसा अनुमान लगाने का अवसर उसे किस घटना या कारणवश मिला। अटपटे व्यवहार भी कई बार दोष-दुर्गुण जैसे ही खतरनाक होते हैं, उनसे बचकर रहें। यदि बात सर्वथा मनगढ़ंत सुनी-सुनाई है, तो अवसर पाकर यह उन्हीं से पूछा जाना चाहिए कि उसने इस प्रकार गलतफहमी क्यों उत्पन्न की, एक बार कारण तो पूछ लिया होता। इतनी छोटी बात से उसका मुख भविष्य के लिए बंद हो जाएगा और यदि कही बात सत्य है, तो आत्मसुधार की बात सोचनी चाहिए। कभी-कभी आलोचना को स्वीकार कर लेना भी उचित होता है। यदि सत्य है, तो स्वीकार करके सुधार करना चाहिए। निरर्थक आलोचना को महत्व न दें और सन्मार्ग पर बढ़ते जाएं। अनेक बार लोग केवल ईर्ष्यावश आलोचना करते हैं, इस पर कतई ध्यान न दें।

## संपादकीय

# अपनी हार को जीत कैसे सिद्ध करें

कौन जीता? कौन हारा? कौन गया मारा? सभी 'कुछ कुछ' जीते और सभी 'कुछ कुछ' हारे। सभी 'एक्जिट पोल' यानी मतदान बाद सर्वे 'लगभग' जीते और सभी मतदान बाद सर्वे 'लगभग' हारे। अगर हमारे शब्दकोश में 'लगभग' और 'कुछ कुछ' शब्द न हों, तो हमारा काम न चले। एक बोले कि 'ठेकेदार' हारे। दूसरे बोले कि 'अहंकार' हारा। तीसरा बोला कि 'रिवाज' जीता। कुछ विश्लेषकों के अनुसार, कहीं जीता 'विकास', कहीं जीती 'रेवड़ी' और कहीं जीती 'पुरानी पेंशन योजना'। जिन्होंने बंद की पेंशन, वही कहने लगे कि हम देंगे पुरानी पेंशन। कैसी गजब की राजनीतिक कलाबाजी और क्या गजब का 'पेंशन का अर्थशास्त्र'। एक ने कहिन कि हम दिल्ली जीतन, दूसरे कहिन कि हम भी दिल्ली 'जीतन'। पहला 'जीतन' बोला कि सर्वाधिक सीट हम 'जीतन',



तो हारा हुआ बोला कि वोट फीसद में सर्वाधिक फीसद हम ही 'जीतन'। प्रवक्ताओं की चुनौती कि अपनी हार को जीत कैसे सिद्ध करें और दूसरे की जीत को हार कैसे बताएं और कुछ नहीं तो हार को अपनी 'नैतिक जीत' कैसे जताएं। कभी 'हारे को हरिनाम' हुआ करता था और मन को समझा लिया जाता था, लेकिन आज हारा हुआ भी अपने को येन-केन जीता हुआ दिखाता है। क्या कर सकते हैं आप? इन दिनों दलों के दिल इतने छोटे हो गए हैं कि उनके प्रवक्ता अपने रकीब की जीत पर दिल खोल कर बधाई तक नहीं दे पाते। एक विश्लेषक ने बताया कि इन चुनावों का एक ही सबक है कि 'कांग्रेस' को कम न समझना और 'आप' को भी कम न समझना। सच। 'जहां काम आवै सुई कहा करे तलवार!' एक एंकर बोला कि इन चुनावों से 2024 का रास्ता भी साफ हुआ। जिन्होंने कहा कि हिमाचल का 'रिवाज' बदलेगा, लेकिन जब न बदला तो कहने लगे कि सीट भले ही वो चालीस ले गए, हम पचीस पर रह ही गए, लेकिन वोट फीसद में हम उनसे सिर्फ 'दशमलव छह' फीसद ही पीछे रहे। चुनाव परिणामों से पहले एक ने कहा था कि लिख लो हम जीत रहे हैं। दूसरे ने कहा था कि हम अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ेंगे। तीसरे ने कहा था कि हम तो गुजरात में चुपके-चुपके काम कर रहे हैं जी। हम ही बनाएंगे इस बार सरकार। लेकिन जनता ने बना दी भाजपा के अभूतपूर्व बहुमत की सरकार। ऐसा बहुमत जो किसी राज्य में न कभी देखा, न सुना। गुजरात की जनता ने अपने 'रिकार्ड का रिकार्ड' भी तोड़ दिया। '182' में से '156' सीटें भाजपा की गोद में, बाकी में कांग्रेस, आप और अन्य। एक भाजपा नेता ने संपुट लगाया कि जैसे गुजरात में जीते, वैसे ही 2024 में जीतेंगे। एक चैनल ने अपनी खिसियाहट निकाली और कहा, जिस मोरबी में पुल दुर्घटना में इतने लोग मरे, वहां से तीनों सीटों पर भाजपा जीती। पता नहीं चैनल वाले किसे कोस रहे थे? भाजपा को या कि मोरबी की जनता को?

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# सियासत या संन्यास

अजीब चुनाव थे ये। एक तरफ हमारी सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के नेताओं ने न गुजरात में प्रचार करने की जरूरत समझी और न हिमाचल में। व्यस्त रहे राहुल गांधी अपनी यात्रा में, जिसका मकसद है भारत को जोड़ना, नफरत हटाना और मोहब्बत फैलाना। नेक इरादे हैं ये, लेकिन इनको हासिल करने में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के कई भाषण प्रवचन जैसे सुनाई दिए हैं और राहुल गांधी ने अपना भेस बना लिया है संन्यासियों का। जब इस यात्रा के बारे में राहुल जी या कांग्रेस प्रवक्ताओं से पूछा जाता है, तो कहते हैं कि इस यात्रा का कोई रिश्ता नहीं है राजनीति से। तो, सोचना यह होगा हमें कि राहुल गांधी क्या राजनीति से संन्यास लेना चाहते हैं? उनकी कुछ बातों से ऐसा लगता तो है। एक भाषण/ प्रवचन में उन्होंने अपने श्रोताओं को हैरान कर दिया यह कह कर कि 'आपको राहुल गांधी दिखते हैं, लेकिन मुझे राहुल गांधी नहीं दिखते हैं'। मतलब? कई अन्य भाषणों में उन्होंने राजनीतिक मुद्दे उठाए हैं और शिकायत की है कि उनको इस यात्रा पर इसलिए निकलना पड़ा है, क्योंकि मीडिया कांग्रेस की बात नहीं रखता है और संसद में उनको खुद मौका नहीं दिया जाता है जनता के मुद्दों को उठाने का। बेरोजगारी, महंगाई, किसान की समस्याओं का मुद्दा, मजदूरों के दुख-दर्द का मुद्दा। ये तो हुईं राजनीति की बातें। तो, अगर राहुल गांधी अब भी राजनीति में हैं, तो उन्होंने अपनी यात्रा के रास्ते से गुजरात और हिमाचल को दूर क्यों रखा? दूसरी तरफ हैं प्रधानमंत्री, जो इन राज्यों के चुनावों में ऐसे छाए रहे जैसे कि हर जनपद में चुनाव वे खुद लड़ रहे हों। हिमाचल में एक भाषण में उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वोट करते समय मतदाताओं को ध्यान में रखना चाहिए कि वे अपना वोट दे रहे हैं मोदी के नाम पर। रही बात गुजरात की, तो प्रधानमंत्री ने देश के काम को ताक पर रख कर इतना समय गुजरात में चुनाव प्रचार करने में बिताया कि जैसे चुनाव नहीं, मोदी पर रायशुमारी हो रही हो। परिणाम जब आए पिछले सप्ताह, तो साबित हो गया कि गुजरात के लोगों ने स्थानीय मुद्दों को अनदेखा करके सिर्फ मोदी को वोट दिया। ऐसा न होता तो कम से कम मोरबी में तो भारतीय जनता पार्टी हार जाती। अभी तक मेरे जैसे लोग भुला नहीं सकते हैं उस पुल के गिरने के दृश्य, औरतों और छोटे बच्चों की लाशों के दृश्य। लेकिन मोरबी के लोग इस चीज को भी अनदेखा कर चुके हैं कि अभी तक उस कंपनी का मालिक पकड़ा नहीं गया है, जिसकी आपराधिक लापरवाही के कारण एक सौ इकतालीस लोग बेमौत मरे थे 30 अक्तूबर के दिन। इस दर्दनाक हादसे ने मोदी के तथाकथित 'गुजरात माडल' का यथार्थ दिखाया था, बिल्कुल वैसे जैसे किसी प्रतिमा के उद्घाटन में पर्दा उतारा जाता है। लेकिन मोदी का ऐसा जादू है गुजरातियों की नजरों में कि उनके लिए इस हादसे से कोई फर्क नहीं पड़ा। इस हादसे में उनको नहीं दिखा भ्रष्टाचार, कुशासन या भाई-भतीजावाद। या शायद दिखा भी तो उनको स्वीकार है ये सब मोदी के नाम पर। ऊपर से था भारतीय जनता पार्टी के प्रचार में हिंदुत्व का वह डरावना चेहरा, जिसके होते हार पहनाए गए थे बिलकिस बानो के बलात्कारियों को, उसकी बेटी के हत्यारों को। मोदी का जादू इतना नहीं दिखा हिमाचल में, जहां कांग्रेस ने ऐसी टक्कर दी भारतीय जनता पार्टी को कि अगर इस दल के मुख्य नेता ने अपनी यात्रा से थोड़ा समय निकाल कर हिमाचल जाने की तकलीफ की होती, तो मुमकिन है कि कांग्रेस की जीत शायद और शानदार होती।

## पूजनीया गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ का आज सुबह करौली में भव्य मंगल प्रवेश हुआ



**करौली. शाबाश इंडिया**

पूजनीया गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ का आज सुबह करौली में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर मंगलवार,13 दिसम्बर को करोली में प्रसिद्ध समाजसेवी,परम मुनि भक्त विनय सोगानी एवं परिवार जनों द्वारा माताजी ससंघ के सानिध्य में सोगानी परिवार द्वारा निर्मित दिगम्बर जैन मंदिर में विशेष आयोजन रखे गए हैं।इसी कड़ी में सोगानी परिवार द्वारा मंगलवार को दोपहर 12.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक पूजा विधान तथा तत्पश्चात पूरे जैन समाज (दिगम्बर एवं श्वेताम्बर)का वात्सल्य सहभोज रखा गया है।उक्त सभी आयोजन में विनय सोगानी ने जयपुर स्वस्ति गुरु भक्त परिवार एवं समाज बन्धुओं को सादर आमंत्रित किया है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि कृपया उक्तानुसार करौली पधार कर पुण्यार्जन करें ।

## उपाध्याय मुनि श्री 108 ऊर्जयंत सागर जी महाराज का जयपुर की ओर विहार



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** उपाध्याय मुनि श्री 108 ऊर्जयंत सागर जी महाराज का दौसा से जयपुर की ओर मंगल विहार हुआ। विहार में राकेश जैन नीमला, जिनेंद्र जैन नेताला, राजेंद्र खेरवाल, प्रवीण जैन नेताला आलोक जैन नीमला, रुपेंद्र छाबड़ा, एमके जैन रघु विहार आदि अनेक श्रावक जन गुरुदेव के साथ विहार में मौजूद थे। रमेश गंगवाल ने बताया कि रूपेंद्र छाबड़ा सिद्धार्थनगर ने पूज्य उपाध्याय श्री के श्री चरणों में श्रीफल भेंट किया और पूज्य उपाध्याय श्री से सिद्धार्थनगर में पधारने हेतु निवेदन किया।रूपेन्द्र छाबड़ा ने जानकारी देते हुए बताया पूज्य उपाध्याय भगवंत के सानिध्य में प्रताप नगर सेक्टर 8 जयपुर में दिनांक 27 जनवरी से 1 फरवरी तक पंचकल्याणक महा महोत्सव संपन्न होगा।

## श्री दिगम्बर जैन मंदिर, महारानी फार्म, गायत्री नगर के चुनाव सम्पन्न



### अध्यक्ष-कैलाश चन्द जैन छाबड़ा, मंत्री-राजेश बोहरा चुने गये

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन मंदिर, महारानी फार्म, गायत्री नगर के चुनाव सम्पन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी पदम जैन बिलाला, अनिल जैन छाबड़ा ने बताया कि निम्न पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किया गया:- अध्यक्ष- कैलाश चन्द जैन छाबड़ा (निर्विरोध ) उपाध्यक्ष- अरुण शाह (निर्विरोध ), मंत्री- राजेश बोहरा। संयुक्त मंत्री - मुकेश सौगाणी (निर्विरोध ), कोषाध्यक्ष- राकेश छाबड़ा, कार्यकारिणी सदस्य :- संतोष गंगवाल, पदम झांझरी, सुनील सौगाणी, अनिल गोधा, संतोष रांवका, गजेन्द्र छाबड़ा निर्वाचित हुये।

**सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

## शाश्वत ट्रस्ट मधुबन ने पीरटांड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के 360 जरूरतमंदो को कम्बल वितरण किया



**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया**

जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्री सम्मेदशिखरजी में श्री दिगम्बर जैन शाश्वत तीर्थराज सम्मेदशिखर ट्रस्ट के निहारिका धर्मशाला में श्री सम्मेदशिखरजी के आस-पास सुदूरवर्ती क्षेत्रों के जरूरतमंद आदिवासियों, वृद्धों, विधवा महिलाओं के बीच कम्बल वितरण किया। यह वितरण ट्रस्ट के द्वारा तय कार्यक्रम के चौथे चरण में सम्पन्न हुआ, चौथे चरण का शुभारम्भ ट्रस्ट के महामंत्री राजकुमार जैन अजमेरा, हजारीबाग, ट्रस्ट के ट्रस्टी एन.सी. जैन -दिल्ली, परम संरक्षक अनील जैन उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अमिता जैन-दुगार्पुर, परम संरक्षक सुनील बिलाला उनकी धर्मपत्नी श्रीमती राजरानी बिलाला-इंदौर, अतिथि मुकेश पटोदी- इंदौर, मनोज जैन-कन्नौज, डॉ. प्रदुमन जैन-दिल्ली, पुरनमल जैन (मेडीका हॉस्पीटल रांची), टीकमचंद जैन धर्मपत्नी श्रीमती तारा देवी-रांची एवं अन्य प्रबुद्ध लोगों के उपस्थिति में भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया ।ट्रस्ट के महामंत्री अजमेरा की उपस्थिति में ही प्रबंधक संजीव जैन, ए.सैदी, गंगाधर महतो ने सभी अतिथियों का तिलक वंदन किया। मंच संचालन कर रहे पुरन मांझी व सफदर अली ने सभी मंचासीन का स्वागत किया जिसमें ट्रस्ट के न्यासी एन.सी जैन ने कहा हम जो समाज से लेते हैं उन्हें हमे किसी न किसी रूप में समाज को वापस देना चाहिए, हमे बेहतर शिक्षा, बेहतर स्वास्थ, जरूरतमंदों की मदद आदि के क्षेत्रों में समाज के लिए बढ़-चढ़ कर सोचना चाहिए शाश्वत ट्रस्ट भी इसे क्षेत्र में कार्य कर रही है, आज ट्रस्ट के माध्यम से मुझे इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, भविष्य में मेरे से जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी मैं उसे अवश्य पुरा करूंगा।

# लॉयन्स क्लब क्लासिक सचीव प्रजापत का मनाया जन्मदिन



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद। लायंस क्लब विजयनगर क्लासिक के सचिव ज्ञानचंद प्रजापत का जन्मदिन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। क्लब अध्यक्ष आशीष सांड व इष्ट मित्रों द्वारा माला साफा केक कटवाकर दीर्घ आयु की मंगल कामना की। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड, पूर्व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सतीक्ष ओझा , पूर्व जिला मंत्री मिठ्ठू लाल रांका, समाजसेवी माणक चंद तातेड, जोन चैयरमैन लॉयन अमित लोढा, लॉयन अभिषेक रांका, फलामादा सरपंच महिपाल चुण्डावत, एडवोकेट दिनेश रांका, अभिषेक तातेड, नगर पालिका पार्षद मनीष वैष्णव ,शिवराज वैष्णव, जानकी लाल सिन्धी, नन्दु राजपूत, हरिकिशन जाट, हनुमान देवासी, आदि साथी मौजूद थे।

# बीजेएस का राष्ट्रीय अधिवेशन 17,18 दिसंबर को उदयपुर में

रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद। भारतीय जैन संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 17, 18 दिसंबर को उदयपुर में आयोजित होने जा रहा है ।इस अधिवेशन में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, गोवा के मुख्य मंत्री प्रमोद सावंत, गुलाब चंद कटारिया, सी पी जोशी, फोर्स मोटर्स के चेयरमैन फिरोदिया एवम कई महान हस्तियां शिरकत करेंगी। कार्यक्रम में जल संवर्धन हेतु भारतीय जैन संगठन द्वारा देश में कुल 100 एवम राजस्थान में 14 जिलों को चयनित किया गया है ।इन जिलों में केन्द्र सरकार की योजना अनुसार पानी को संचित कर उसका पीने एवं सिंचाई के लिए अधिकतम उपयोग करना है, ताकि जो बरसात का पानी बह कर व्यर्थ हो जाता है, उसका संचय कर उसको काम में लिया जा सके ।इसकी जागृति के लिए लगभग 1 किलोमीटर लम्बी झांकियों के माध्यम से एक रैली भी निकाली जाएगी। राजस्थान के 14 जिलों में अजमेर और भीलवाड़ा भी शामिल है ।आने वाले समय में इन जिलों में भी बीजेएस के द्वारा इस स्कीम के माध्यम से क्षेत्र मे जल संवर्धन कर पानी की समस्या को दूर करने के प्रयास किए जाएंगे । विजयनगर शाखा के अध्यक्ष महेंद्र बोरदिया के नेतृत्व में इस 2 दिवसीय अधिवेशन में विजयनगर के लगभग 40 सदस्य भाग लेंगे।इस अधिवेशन में पूरे देश से लगभग 3500 लोगों के भाग लेने की संभावना है ।पिछले 37 सालों से चल रहे इस सेवा संगठन का इतना अनूठा एवं बृहद आयोजन पहली बार राजस्थान में आयोजित होने जा रहा है ।

# अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने किया झड़वासा विद्यालय का औचक निरीक्षण



## शिक्षा अधिकारी बने अध्यापक

रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद। क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झड़वासा का श्री नगर पंचायत समिति के अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमन्त देतवाल ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण। कार्यवाहक प्रधानाचार्य हेमराज मेघवंशी ने बताया की अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमंत देतवाल ने औचक निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पोषाहार गुणवत्ता, विद्यालय कैशबुक, परीक्षा व्यवस्था में परीक्षा कक्ष, विद्यार्थियों के रोल नम्बर, विभिन्न परीक्षा सम्बन्धी रेकार्ड, बच्चों का शैक्षिक स्तर और आरकेएमबीके आदि का बारीकी से निरीक्षण कर सम्बंधित प्रभारी पूजा, सुरेंद्र शाहु, टीना आदि को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इतना ही नहीं शिक्षा अधिकारी देतवाल ने एक सामान्य शिक्षक की तरह बच्चों को पढ़ाया भी जिससे बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे।

# तीर्थ रक्षा सर्वोपरी

## श्री सम्मेद शिखर बचाओ आंदोलन के अन्तर्गत अजमेर जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा




अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया

**अजमेर।** दिगम्बर जैन महासंघ, अजमेर व जैन मिलन शाखा- अजमेर के संयुक्त तत्वावधान मे शाश्वत जैन सिद्धक्षेत्र श्री सम्मेद शिखर तीर्थक्षेत्र बचाओ आंदोलन के अन्तर्गत सोमवार, दिनांकः 12.12.2022 को प्रातःकाल 10.30 बजे जिलाधीश कार्यालय मे अजमेर जिलाधीश महोदय को जैन अनुयायियों की आस्था का केन्द्र शाश्वत जैन तीर्थ क्षेत्र श्री सम्मेद शिखर जी मधुबन (झारखण्ड) को पर्यटन स्थल घोषित ना करने हेतु माननीय प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति व झारखंड के मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन दिया गया। दिगम्बर व श्वेताम्बर जैन समाज अजमेर की समस्त संस्थाओं के प्रमुख मुख्यतः ज्ञापन सौपने मे उपस्थित थे।कलक्टर महोदय अंशदीप को समस्त जानकारी से अवगत कराकर सकल जैन समाज अजमेर के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन दिया। कलेक्टर महोदय ने आश्वस्त किया की हमारे ज्ञापन को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाएंगे। जैन समाज अजमेर से प्रकाश पाटनी (महामंत्री, दिगम्बर जैन महासंघ अजमेर) मनीष गदिया (अध्यक्ष,श्री ज्ञानोदय तीर्थ क्षेत्र नारेली), दिनेश पाटनी( अध्यक्ष पंचायत छोटा धडा. अजमेर), विनय गदिया मंत्री (सर्वोदय कॉलोनी मंदिर कमेटी), अतुल पाटनी (अध्यक्ष दिगम्बर जैन महासमिति अजमेर), राजकुमार भैंसा (अध्यक्ष, पंचायत नया धड़ा अजमेर), लोकेश ढिलवारी (प्रवक्ता दिगम्बर जैन महासंघ अजमेर) वभारतीय जैन मिलन अजमेर के पुरुष व महिला पदाधिकारी साथ ही समाज के अनेक गणमान्य बंधु उपस्थित थे। इलैक्टिक व प्रिंट मिडिया के पत्रकार बंधुओं को आज के कार्यक्रम से अवगत कराया एवं श्री सम्मेद शिखर तीर्थ क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित करने की अधिसूचना की जानकारी प्रदान की साथ झारखंड सरकार अधिसूचना वापस नही लेती है तो अजमेर जैन समाज भी योजना बनाकर वृहद स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेगा।

## मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज का पिछिका परिवर्तन संपन्न

### पूज्य मुनि श्री की पुरानी पिच्छिका लेने का सौभाग्य गुणायतन सीईओ सुभाष जैन को मिला



**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया।** पूज्य गुणायतन प्रणेता प्रमाण सागर महाराज संघ का पिच्छिका परिवर्तन भक्ति भाव और भव्यता के साथ गुणायतन परिसर में संपन्न हुआ। इस पुनीत बेला में भारी संख्या में भक्तों का जमावड़ा रहा। आयोजन की भव्यता देखते बन रही थी। आयोजन परिसर जय जय गुरुदेव की जयकारों की गूंज से गुंजायमान था।इस अवसर पर गुरुदेव द्वारा लिखित ग्रंथ का विमोचन किया गया जो ट्रस्ट मंडल द्वारा किया गया। पूज्य गुरुदेव की पुरानी पिच्छिका ट्रस्ट के सीईओ को प्राप्त हुई। इस अवसर पर समस्त देश के भक्त मौजूद रहे जिन्हे निर्मित भव्य जिनालय के बारे में जानकारी दी गई। **संकलनः अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी**

# बिजयनगर कांग्रेस सेवादल ने दिखाया भारत जोड़ो यात्रा में उत्साह

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**नसीराबाद।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस पीसीसी सदस्य एवं अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी के नेतृत्व में 121बसो से सात हजार कांग्रेस एवं पशुपालक कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल रही भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने बूंदी जिले के अरनेठा में गर्मजोशी से नारे लगाते हुए शामिल हुए। कांग्रेस व पशुपालको और किसानों की तरफ से राहुल गांधी को सूत की माला एवं राजस्थानी साफा पहनाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राहुल गांधी को बताया कि डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी अपने साथ बड़ा काफिला लेकर यात्रा में पहुँचे है। अजमेर जिले से कांग्रेसी राहुल गांधी जी के संग पैदल यात्रा की इस दौरान ''जात पात का बंधन तोड़ो भारत जोड़ो भारत जोड़ों'' के नारे लगाते हुए कार्यकर्ता चल रहे थे। बिजयनगर कांग्रेस सेवादल कमेटी से पीसीसी सदस्य रामचंद्र चौधरी के नेतृत्व में 55 कांग्रेसी कार्यकर्ता को माहेश्वरी एचपी प्रेट्रोल से जिला प्रशिक्षक ज्ञानचंद गोखरू,वरिष्ठ उपाध्यक्ष लादू लाल टेलर, सुरेंद्र कावड़िया, संपत राज बाबेल ,अध्यक्ष दिनेश घूत ने हरि झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। बिजयनगर सेवादल कांग्रेस जबरदस्त दलबल के साथ जिला उपाध्यक्ष रामलाल नगवाड़ा के अगुवाई में बूंदी जिले के अरनेटा पहुंचकर कापरेन तक राहुल गांधी की पदयात्रा में नाचते गाते कार्यकर्ताओ ने पदयात्रा पूरी की। पदयात्रा




में भागचंद टेलर,महावीर नाबेडा, जगदीशचंद शर्मा, इकबाल हुसैन, सुबोध सेन, विपुल सोमानी, सुभाष अजमेरा, मुकेश राणा ,साबिर हुसैन, महेंद्र सिंह सोलंकी, दिलीप सिंह,महावीर पांचाल, इस्लाम मोहम्मद,राजू सैन, अनिल सैन, भंवरलाल आरजिया, आदिल कुरेशी, दिनेश देबड़ा, सुरेश सेन , राजाराम,बरल से ओमप्रकाश वेष्णव, हीरालाल जाट सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुये। रामचंद्र चौधरी के शक्ति प्रदर्शन से कई कांग्रेसियों की नींद उड़ गई हैं। अभी तक अजमेर जिले का कोई भी नेता इतनी भीड़ जुटाने में कामयाब नहीं हो सका है। रामचंद्र चौधरी ने एक ' शोमैन' की तरह अपना जलवा दिखाते हुए अपनी राजनीतिक पकड़ को साबित कर दिया है। रामचंद्र चौधरी पहले ऐसे नेता हैं जो इतने भारी जनसमूह के साथ में यात्रा मे शामिल हुए है। ये रैली भी उनका वन मैन शो साबित हुई है।

# सौभाग्यशाली भीलवाड़ावासियों को मिला भागवत रूपी अमृत प्राप्ति का सुअवसर : रामप्रसाद महाराज

### भगवान का नाम लेने से अटकता नहीं कोई काम। महेश वाटिका में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आगाज

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** भगवान का नाम लेने से काम कभी नहीं अटकता है। हमेशा परमार्थ की भावना से कार्य करना चाहिए। भागवत रूपी अमृत हमे अमर भी कर देगा और निर्भय भी बना देगा जबकि स्वर्ग का अमृत अमर कर सकता लेकिन निर्भय नहीं बना सकता। देवताओं से भी ज्यादा भाग्यशाली भीलवाड़ा वासी है जिन्हें भागवत रूपी अमृत मिला है। ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के परम पूज्य संत रामप्रसादजी महाराज (बड़ौदा) ने सोमवार दोपहर भीलवाड़ा के महेश वाटिका में सोनी परिवार के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर पहले दिन श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराते हुए व्यक्त किए। सुबह गायत्री मंदिर से कथास्थल तक भव्य कलश एवं शोभायात्रा के साथ आयोजन का आगाज हुआ। व्यास पीठ पर भागवत स्थापित होने और उसकी विधिवत पूजा के बाद कथावाचक



रामप्रसादजी महाराज ने विशाल पांडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को भागवत श्रवण का महत्व समझाया। इस दौरान विश्व शांति की कामना के लिए शांति मंत्र का जाप भी किया। उन्होंने कहा कि सर्व कल्याण एवं सुख की कामना के साथ श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। भागवत कथा श्रवण का अवसर करोड़ो जन्मों का पुण्य उदय होने पर ही मिलता है। भागवत कथा श्रवण, संत दर्शन एवं सत्संग के लिए भगवान की कृपा जरूरी है इसके बिना अवसर नहीं मिलता। भागवत कथा सबसे पहले

### जो मजा खिलाने में वह खाने में नहीं

संतश्री ने कहा कि जिंदगी में हमेशा दूसरे के काम आने की भावना रखनी चाहिए। जो मजा खिलाने में आता है वह खाने में नहीं आ सकता। ज्ञान का दान देना सबसे बड़ा सत्कर्म है। उन्होंने कहा कि दुनिया किसी को शांति से जीने नहीं देती। कोई अच्छा करता है तो कहते अमीरी प्रदर्शन कर रहा ओर कोई बचा कर चलता है तो कहते है कुछ नहीं करता। दुनिया खाए बिना रहे जाएगी पर कहे बिना नहीं रहेगी। संत की कृपा कब किस पर हो जाए कहा नहीं जा सकता। संत जो कहे उसे करने का पुरूषार्थ भी हमे रखना चाहिए।

देवर्षि नारद ने सुनाई थी। संत रामप्रसादजी महाराज ने कहा कि संसार में तीन प्रकार के दुःखी होते है। अपने दुःख के कारण जो दुःखी हो वह इंसान है एवं दूसरों के दुःख को देख दुःखी हो जाने वाला संत होता है। तीसरे प्रकार का दुःखी वह व्यक्ति होता है जो दूसरों के सुखी होने के कारण दुःखी रहता है, ऐसा व्यक्ति बनने से हमे बचना चाहिए। पहले दिन की कथा के अंत में पूज्य संत रामप्रसादजी महाराज के सानिध्य में व्यास पीठ की आरती करने वालों में सोनी परिवार के रमेशचन्द्र, अशोक एवं दिनेश सोनी के साथ उनके परिजन भी शामिल थे।

# जनकपुरी जैन मंदिर में चोरी

## जैन मंदिरों में लगातार चोरी से जैन समाज में भारी आक्रोश। जैन बन्धुओं ने चोरियों का शीघ्रातिशीघ्र खुलासा करने एवं जैन मंदिरों के आसपास गश्त एवं विशेष सुरक्षा की मांग



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जनकपुरी जैन मंदिर इमली फाटक में चोर न 3 गुल्लक तोड़ कर हजारों रुपए ले गये, और एक गुल्लक को उठा ले गए। मध्य रात्रि 2.03 से 2.50 बजे तक भूतल एवं प्रथम फ्लोर के ताले तोड़े और सारे सामान व अलमारियों को खोल कर अस्तव्यस्त कर दिया। चार चोरों ने तालें तोड़कर 40000/- से भी अधिक रुपये ले गये। प्रबन्धकारिणी कमेटी के मंत्री देवेंद्र कासलीवाल एवं अध्यक्ष पद्म बिलाला ने बताया की सुबह जब श्रद्धालु आये तो इस चोरी का पता चला। ज्योति नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
@ 94140 78380, 92140 78380

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# भगवान महावीर महामस्तकाभिषेक महोत्सव के सहयोगियों का श्री महावीर जी कमेटी ने किया सम्मान

## तत्पश्चात अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल ने स्वागत उदबोधन देते हुए कहा कि बिना कार्यकर्ताओं के समाज का कोई भी कार्य सम्भव नहीं है...









**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी में 24 नवम्बर से 28 नवम्बर तक आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं 27 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक आयोजित महामस्तकाभिषेक महोत्सव में सहयोग देने वाले समाज बन्धुओं एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान सोमवार को भट्टारक जी की नसियां में किया गया। दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी क्षेत्र कमेटी की ओर से आयोजित इस सम्मान समारोह का शुभारंभ तीन बार णमोकार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण से हुआ। तत्पश्चात अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल ने स्वागत उदबोधन देते हुए कहा कि बिना कार्यकर्ताओं के समाज का कोई भी कार्य सम्भव नहीं है। क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ सभी सहयोगियों एवं कार्यकताओं ने कन्धे से कन्धा मिलाकर महोत्सव में सक्रिय भूमिका निभाई, इसके लिए सभी साधुवाद के पात्र हैं। तत्पश्चात महोत्सव में सहयोग देने के लिए विनोद जैन कोटखावदा, देवेन्द्र अजमेरा, महावीर कसेरा, नवीन जैन बिल्टीवाला,पवन पंसारी, मणिभद्र पापडीवाल, दिनेश जैन, राजेश जैन, शिल्पा जैन सहित 40 से अधिक सहयोगियों का तिलक,माला, प्रतीक चिन्ह एवं भगवान महावीर का चित्र भेट कर सम्मान किया गया। क्षेत्र कमेटी की ओर से अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल, मानद् मंत्री महेन्द्र कुमार पाटनी, संयुक्त मंत्री उमरावमल संघी, कोषाध्यक्ष विवेक काला, कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप कुमार जैन, सुरेश सबलावत आदि ने सहयोगियों का सम्मान किया। मंच संचालन मानद् मंत्री महेन्द्र कुमार पाटनी ने किया। अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल एवं मानद् मंत्री महेन्द्र कुमार पाटनी ने बताया कि इससे पूर्व शनिवार,3 दिसम्बर को श्री महावीरजी में भी सहयोगियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था जिसमें 101 सहयोगियों का क्षेत्र कमेटी की ओर से सम्मान किया गया था।

